कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल
विज्ञप्ति

एल–एल0 बी0 (त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम) सत्र 2012–13 हेतु विश्वविद्यालय के एस0एस0जे0 परिसर अल्मोड़ा में 100 सीट सामान्य एवं 50 सीट स्ववित्तपोषित तथा एल–एल0 एम0 हेतु 40 सीटों (20 सीट सामान्य एवं 20 सीट स्ववित्तपोषित) में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं। एल–एल0बी0 में प्रवेश हेतु स्नातक स्तर पर सामान्य वर्ग हेतु 45 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है तथा एल–एल0 एम0 में प्रवेश हेतु विधि स्नातक में 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु 05 प्रतिशत अंकों की छूट अनुमन्य होगी। भारतीय विधिज्ञ परिषद के नियमानुसार जिन अभ्यर्थियों ने दूरस्थ शिक्षा पद्धति से बिना 10+2 की परीक्षा उत्तीर्ण किये सीधे स्नातक उपाधि प्राप्त की है वे एल–एल0 बी0 त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में अर्ह नहीं होंगे। प्रवेश में विश्वविद्यालय नियमों के अनुसार आरक्षण व्यवस्था लागू होगी। आवेदन पत्र के साथ समस्त प्रमाण पत्रों एवं अधिमान सम्बन्धी अंक के प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियां अनिवार्य रूप से संलग्न करें अन्यथा आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा। एल–एल0बी0/एल–एल0एम0 पाठ्यक्रम के आवेदन पत्र विश्वविद्यालय में जामा करने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई, 2012 होगी। आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क रू0 620/– जमा कर कुमाऊँ विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के डाकघर, मुख्य डाकघर, नैनीताल, मुख्य डाकघर, अल्मोड़ा मुख्य डाकघर, हल्द्वानी, मुख्य डाकघर, पिथौरागढ़ में दिनांक 01 जुलाई, 2012 से प्राप्त किये जा सकते हैं।

कुलसचिव

पत्रांकः मान्यता/ दिनांक : 28 जून, 2012

1– निम्नलिखित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे उनके सम्मुख अंकित तिथियों में उक्त विज्ञप्ति को कम से कम स्थान में प्रकाशित कर बिल दो प्रतियों में विश्वविद्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें :

(1) उत्तर उजाला – दिनांकः 30.06.2012
(2) राष्ट्रीय सहारा – दिनांकः 01.07.2012

2– निम्नलिखित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस निवेदन के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञापन को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में निःशुल्क समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें :

(1) अमर उजाला
(2) दैनिक जागरण
(3) दैनिक आज
(4) शाह टाईम्स
(5) हिन्दुस्तान

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

(1) समस्त संकायाध्यक्ष, कुमाऊँ विश्वविद्यालय डी0एस0बी0 परिसर, नैनीताल एवं एस0एस0जे0 परिसर, अल्मोड़ा।
(2) प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
(3) वित्त अधिकारी, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
(4) सहायक कुलसचिव, सामान्य/स्टोर।
(5) कैश काउन्टर सहायक/बिक्री काउन्टर सहायक।
(6) निजी सचिव कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।
(7) वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव।
(8) विश्वविद्यालय सूचना पटल में चस्पा हेतु।
(9) प्रवर डाक अधीक्षक कुमाऊँ मण्डल सीमेंन्ट हाउस तल्लीताल, नैनीताल को इस आशय से प्रेषित कि आवेदन पत्र 31 जुलाई 2012 तक ही विक्रय करने का कष्ट करें।

कुलसचिव